हिन्दुस्तान
1936
सत्य · सार्थक · सदैव
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
7 सितंबर 2026, भाद्रपद कृष्ण पक्ष, एकादशी, विक्रम सम्वत् 2083, बरेली

**Page NO. 07 : Middle**



# एसआरएमएस रिद्धिमा में हुई कथा कान्हा की

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को कथक गुरुओं और विद्यार्थियों ने जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, प्रेम, भक्ति और उनके जीवन के प्रेरक प्रसंगो का कथा कान्हा की मे मंचन किया। विद्यार्थियों ने कान्हा की माखन चोरी की लीला, कालिया दमन लीला का कथक नृत्य के माध्यम से मंचन किया। कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा और विद्यार्थियों ने गिरि गोवर्धन लीला का प्रदर्शन किया, जबकि कथक गुरु देव ज्योति नमस्कार, लिया श्री चटर्जी के साथ विद्यार्थियों ने रासलीला का प्रदर्शन किया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, उषा गुप्ता, डा. एमएस बुटोला समेत अन्य लोग मौजूद रहे।